भारत सरकार / Government of India
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय
Ministry of Environment, Forest & Climate Change
एकीकृत क्षेत्रीय कार्यालय/Integrated Regional Office
पता: द्वितीय तल, झारखण्ड राज्य आवास बोर्ड मुख्यालय, हरमू चौक, राँची, झारखण्ड - 834002
Add: 2nd Floor, Headquarter-Jharkhand State Housing Board, Harmu Chowk, Ranchi, Jharkhand - 834002
Tel: 0651-2410002, 2410007; E-mail: ro.ranchi-mef@gov.in

संख्या: एफ.पी/बी.आर/एप्रोच/155848/2022/623 दिनांक: 18/10/2022

सेवा में,

**अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक- सह – नोडल पदाधिकारी (एफ. सी.)**
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग
बिहार सरकार, अरण्य भवन,
शहीद पीर अली खां मार्ग, पटना-800014.

विषय :- श्रीमती रीता कुमारी द्वारा पूर्णिया जिलान्तर्गत जियानगंज मौजा के खाता संख्या – 769, प्लॉट संख्या – 2796, थाना संख्या – 101, थाना – सरसी में NH-107 पूर्णिया-मधेपुरा-सहरसा पथ के किनारे IOCL का रिटेल आउटलेट स्थापित करने के क्रम में पहुँच पथ निर्माण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के अंतर्गत 0.03975 हे० वन भूमि अपयोजन प्रस्ताव के संबंध में।

महाशय,

निर्देशानुसार उपर्युक्त विषयक पत्र संख्या-वन भूमि-45/2022-705(ई)/प.व.ज.प. दिनांक 15.09.2022 के सम्बन्ध में अवगत करना है कि अपयोजन के लिए प्रस्तावित वन भूमि पर कुल 8 वृक्ष उपलब्ध है। जिसमें 5 वृक्षों को पातन एवं 3 वृक्षों को प्रतिस्थापन प्रस्तावित किया गया है । इस संबंध में, यह उल्लेख करना प्रासंगिक है कि क्या 3 वृक्षों को प्रतिस्थापित किए जाने की योजना निर्मित की गई है तथा क्या पूर्व में इस स्तर पर वृक्षों का सफल प्रतिस्थापन किया गया है ? यदि हाँ, तो उसका पूर्ण प्रतिवेदन संलग्न किया जाए । यदि ऐसा किया जाना तर्किकतः संभव न हो तो प्रभावित होने वाले 8 वृक्षों के सापेक्ष 200 पौधों का पौधरोपण (जो स्थल के प्राकृतिक वनस्पतियों की प्रजाति के हों ) स्कीम आवेदन के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जाए I साथ ही girth wise वृक्ष गणना सूची भी प्रेषित किया जाए I

अतः अनुरोध है कि उपरोक्त वर्णित बिंदु पर यथोचित कारवाई करते हुए इस परियोजना प्रस्ताव को अग्रेतर कार्रवाई हेतु इस कार्यालय को पुनः प्रेषित कर अनुगृहित किया जाय।

विश्वासभाजन

(शशि शंकर)

सहायक वन महानिरीक्षक

प्रतिलिपि:- प्रधान मुख्य वन संरक्षक (HoFF), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार, अरण्य भवन, शहीद पीर अली खां मार्ग, पटना-800014.

सहायक वन महानिरीक्षक